थाइलैंड में रबर सस्ती होगी

बैंकाक ◆ जुलाई और अगस्त के दौरान रबर की सप्लाई बढ़ने से थाईलैंड में रबर के भाव में गिरावट आ सकती हैं। थाई रबर एसोसिएशन के अध्यक्ष पोंगसाक केरदवोंगबुंडिट के अनुसार रबर के भाव में गिरावट जरूर आ सकती है लेकिन वर्ष 2011 की दूसरी छमाही में चार डॉलर प्रति किलो नीचे जाने की संभावना नहीं है। फिलहाल रबर आरएसएस 3 ग्रेड के भाव 4.65 डॉलर प्रति किलो चल रहे हैं। उनका कहना है कि रबर की मांग अच्छी रहने की संभावना है इसलिए मेरा विश्वास यह है कि अगर इसकी कीमतें गिरकर चार डॉलर प्रति किलो रह जाती है, तब भी यह खरीदारों को आकर्षित कर सकेगा। (एजेंसी)